त्रैमासिक परीक्षा, 2022-23

कक्षा 9वीं

विषय - विज्ञान

(समय 03 घण्टे) (कुल प्रश्नों की संख्या 19)

निर्देश :-

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्र. 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न में 1x 7=7 अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्र. 5 से 12 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है, जिसकी शब्द सीमा 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्र. 13 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है जिसकी शब्द सीमा 75 शब्द है।

(5) प्रश्न क्र. 17 प्रश्न 4 अंक का है, जिसकी शब्द सीमा 100 शब्द है।

(6) प्रश्न क्र. 18 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है, जिसकी शब्द सीमा 120 शब्द है।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए -

1. बर्फ का गलनांक है-
    1. 273.15 केल्विन
    2. 373.15 केल्विन
    3. 473.15 केल्विन
    4. 290.15 केल्विन
2. टिंचर आयोडीन की विलयन में विलेय है-
    1. अल्कोहल
    2. आयोडीन
    3. जल
    4. उपरोक्त सभी
3. मोमबत्ती का जलना है-
    1. केवल भौतिक परिवर्तन
    2. केवल रासायनिक परिवर्तन
    3. आकारिकी परिवर्तन
    4. उपरोक्त में से कोई नहीं

4. कोशिका की खोज की थी-
    1. रॉबर्ट हुक ने
    2. रॉबर्ट ब्राउन
    3. लीनियस
    4. स्वान
5. सदिश राशि है-
    1. विस्थापन
    2. वेग
    3. त्वरण
    4. सभी
6. तंत्रिका ऊतक की कार्यात्मक इकाई होती है-
    1. न्यूरॉन
    2. न्यूट्रॉन
    3. वृक्क
    4. एक्सॉन
7. m द्रव्यमान की वस्तु जिसका भी वेग v है, इसका संवेग होगा-
    1. mv
    2. mv^2
    3. $mv^2/2$
    4. m^2v

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1. ठोस कार्बन डाइऑक्साइड को ..... नाम से भी जाना जाता है |
2. दूध एक ..... विलयन है |
3. जीव द्रव्य नाम ..... ने दिया था |
4. समसूत्री विभाजन ..... कोशिकाओं में होता है |
5. अनैच्छिक पेशियों को ..... पेशियां भी कहते हैं |apnistudy.in
6. संवेग परिवर्तन की दर ..... के अनुक्रमानुपाती होती है |
7. एक निश्चित दिशा में..... को वेग कहते हैं |

प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइए -

1. अघुलनशील द्रवों का पृथक्करण	(i) भौतिक परिवर्तन
2. डाई में रंगों को पृथक् करने में	(ii) क्रिस्टलीकरण
3. मोमबत्ती का जलना	(iii) पृथक्करण कीप
4. विद्युत बल्ब का जलना	(iv) क्रोमेटोग्राफी

5. अशुद्ध नमूने से फिटकरी को शुद्ध करना (v) रासायनिक परिवर्तन

प्रश्न 4. एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर लिखिए-

1. जल का क्वथनांक कितना होता है ?
2. दाब का मात्रक क्या है ?
3. सांद्रता को परिभाषित कीजिए |
4. DNA का पूरा नाम लिखिए
5. रसधानी का कार्य लिखिए |
6. संवहन ऊतक किसे कहते हैं ?
7. त्वरण का SI मात्रक लिखिए |

प्रश्न 5. एलपीजी का पूरा नाम लिखिए |

अथवा

सीएनजी का पूरा नाम लिखिए |

प्रश्न 6. टिंडल प्रभाव क्या है ?

अथवा

क्रोमेटोग्राफी क्या है ?

प्रश्न 7. रेखित एवं रेखित पेशी में अंतर लिखिए |

अथवा

जंतु व पादप कोशिका में कोई दो अंतर लिखिए |

प्रश्न 8. अतिथि एवं उपास्थि में दो अंतर लिखिए |

अथवा apnistudy.in

रक्त के कोई दो कार्य लिखिए |

प्रश्न 9. न्यूटन के गति का द्वितीय नियम लिखिए |

अथवा संतुलित बल किसे कहते हैं ?

प्रश्न 10. दूरी और विस्थापन में अंतर लिखिए |

अथवा

चाल और वेग में अंतर लिखिए |

प्रश्न 11. एक समान गति किसे कहते हैं ?

अथवा

असमान गति किसे कहते हैं ?

प्रश्न 12. समसूत्री विभाजन किसे कहते हैं ?

अथवा

अर्धसूत्री विभाजन किसे कहते हैं ?

प्रश्न 13. धातुओं के कोई 3 गुणधर्म लिखिए |

अथवा

अधातुओं के कोई तीन गुणधर्म लिखिए |

प्रश्न 14. apnistudy.inमिश्रण और यौगिक में अंतर लिखिए |

अथवा

समांगी और विषमांगी मिश्रण को समझाइए |

प्रश्न 15. माइट्रोकांड्रिया का नामांकित चित्र बनाइए |

अथवा

केंद्रक के तीन कार्य लिखिए |

प्रश्न 16. पादप कोशिका का नामांकित चित्र बनाइए |

अथवा

जंतु कोशिका का नामांकित चित्र बनाइए |

प्रश्न 17. जाइलम और फ्लोएम में अंतर लिखिए |

अथवा

तंत्रिका कोशिका का नामांकित चित्र बनाइए |

प्रश्न 18. घर्षण को कम करने के उपाय लिखिए |

अथवा

घर्षण बढ़ाने के उपाय बताइए |

प्रश्न 19. एक बस की गति 5 सेकंड में 80 किलोमीटर प्रति घंटे से घटकर 60 किलोमीटर प्रति घंटा हो जाती है, बस का त्वरण ज्ञात कीजिए |

अथवा

एक रेल apnistudy.inगाड़ी स्टेशन से चलना प्रारंभ करती है और एक समान त्वरण के साथ चलते हुए 10 मिनट में 40 किलोमीटर प्रति घंटा की चाल प्राप्त करती है इसका त्वरण ज्ञात कीजिए |

----------xxxxxxx----------